## खबर संक्षेप

### सूने घर से चार हजार नकदी व जेवर चोरी

**यमुनानगर।** व्यासपुर निवासी सतीश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उनका हरतौल रोड पर घर है। वह एक अगस्त को घर का दरवाजा बंद कर किसी काम से बाहर गया था। जब वह काम खत्म करके घर लौटा तो दरवाजा खुला पड़ा था। जांच करने पर कमरे से ट्रंक गायब था। उसने बताया कि ट्रंक में चार हजार की नकदी, सोने के जेवर, दो मोबाइल फोन और बच्चों के शिक्षा संबंधित दस्तावेज थे।

### दो एनसीसी कैडेट्स का भारतीय रक्षा सेना में चयन

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के यूआईटी संस्थान के एनसीसी कैडेट अक्षय वत्स और कैडेट वरुण शर्मा का भारतीय रक्षा सेना में चयन होने पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा, कुलसचिव लेफ्टिनेंट डॉ. वीरेंद्र पाल, संस्थान निदेशक प्रो. सुनील ढींगरा व 10 हरियाणा बटालियन के कमांडिंग ऑफिसर कर्नल हरप्रीत सिंह ने दोनों एनसीसी कैडेट्स को हार्दिक बधाई दी और उनके उन्नत भविष्य को शुभ मंगलकामनाए दी।

## निगम अधिकारियों ने रेलवे रोड पर चलाया अतिक्रमण हटाओ अभियान

# दुकानदारों को चेतावनी: सड़क पर मिला सामान तो किया जाएगा जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत नगर निगम द्वारा शहर की सड़कों को अतिक्रमण मुक्त बनाने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्पेशल ऑफिसर (सेनिटेशन) अनिल कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम की टीम ने रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया। इस दौरान उन्होंने दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने और खुले में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया। जिस दुकानदार का सामान दुकान के बाहर सड़क पर मिला, उसे उठवाकर अंदर रखवाया गया। जिस दुकान के बाहर कचरा मिला, उसे भी तुरंत उठवाया गया। साथ ही दुकानदारों को चेतावनी दी गई कि अगली बार दुकान के बाहर सड़क पर सामान मिला तो उसे जब्त किया जाएगा और बड़ा चालान किया जाएगा।

- दुकानदारों को सड़क पर सामान न रखने की दी हिदायत



**यमुनानगर।** रेलवे रोड पर अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान दुकानदारों को समझाते स्पेशल ऑफिसर अनिल कुमार यादव व अन्य। फोटो: हरिभूमि

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले स्पैशनल आफिसर अनिल कुमार यादव शहर के दुकानदारों के साथ बैठक कर उन्हें सड़क पर सामान न रखने के निर्देश दिए थे। इसी के चलते उन्होंने अतिरिक्त निगम आयुक्त धीरज कुमार, सीएसआई अनिल नैन, सीएसआई हरजीत सिंह, सीएसआई विनोद बेनीवाल व निगम कर्मचारियों के साथ रेलवे रोड का जायजा लिया। उन्होंने शहीद भगत सिंह चौक से रेलवे स्टेशन चौक तक डोर टू डोर हर दुकानदार को अतिक्रमण न करने व खुले में कचरा न डालने के प्रति जागरूक किया। स्पेशल ऑफिसर अनिल कुमार ने हर दुकान के अंदर जाकर सफाई व्यवस्था भी जांची। जिन दुकानों में डस्टबिन नहीं मिले, उन दुकानदारों को डस्टबिन रखने और उसमें एकत्रित कचरे को निगम के वाहन में डालने के बारे में समझाया।

उन्होंने बताया कि हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के तहत सड़कों व गलियों को कचरा व अतिक्रमण मुक्त बनाया जा रहा है। वह खुद शहर की सड़कों व गलियों का जायजा ले रहें है। अब सड़कों और गलियों में दुकान, घर, कार्यालयों, होटल आदि के बाहर कुछ भी सामान रखा मिला उसे जब्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके लिए नगर निगम द्वारा रोजाना रात को 10 बजे से 12 बजे तक विशेष अभियान चलाया जाएगा। निगम की टीम को सड़क और गली में जो भी सामान मिलेगा, उसे उठाकर निगम की गाड़ी में डाल कर जब्त किया जाएगा। उन्होंने शहरवासियों से भी आह्वान किया कि वे शहर को सुंदर, साफ व स्वच्छ बनाने में सहयोग करें।



**यमुनानगर।** सैनी समाज रादौर का प्रतिनिधिमंडल राज्यमंत्री जसवंत सैनी से भेंट करते हुए। फोटो: हरिभूमि

## एचकेआरएन व्यवस्था को लेकर की राज्य मंत्री जसवंत सैनी से मुलाकात

- उत्तर प्रदेश राज्य मंत्री से मिला सैनी समाज रादौर का प्रतिनिधिमंडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

सैनी समाज रादौर का एक प्रतिनिधिमंडल प्रधान संदीप सैनी के नेतृत्व में राज्यमंत्री उतरप्रदेश जसवंत सिंह सैनी से मिला। सैनी समाज के प्रधान संदीप सैनी ने राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी से मिलकर एचकेआरएन व्यवस्था पर चर्चा की। वहीं हरियाणा प्रदेश में चल रही गतिविधियों के बारे में विस्तार से चर्चा की।

प्रधान संदीप सैनी ने कहा कि योग्यता और मेहनत के आधार पर रोजगार देने का काम केवल भाजपा सरकार में हुआ है। राज्यमंत्री जसवंत सिंह सैनी ने कहा कि हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की लोकप्रियता सिर्फ हरियाणा ही नहीं, बल्कि अन्य प्रदेशों में भी लगातार बढ़ रही है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि नायब सरकार में जनहित के कार्य पूरी पारदर्शिता से होंगे और किसी भी गलत काम को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। संदीप सैनी ने समाज के लोगों से एकजुट होकर समाज की मजबूती के लिए कार्य करने का आह्वान किया।

मौके पर रिंकू कांबोज बुबका, जगन चौहान, प्रोफेसर सुखदेव सैनी, नीरज सैनी, सचिन गुर्जर, कृष्ण चंद्र सैनी, राकेश सैनी आदि मौजूद थे।



**यमुनानगर।** न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में आयोजित कार्यक्रम में बच्चों को कानूनी जानकारी देते अधिवक्ता। फोटो: हरिभूमि

## बच्चों को पॉक्सो अधिनियम और किशोर न्याय अधिनियम के बारे में दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में जिला लीगल सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में लीगल साक्षरता सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्यावक्ता के रूप में वरिष्ठ अधिवक्ता पुनीत कुमार धीमान उपस्थित हुए। इस दौरान बच्चों को कानूनी जानकारियां दी गई।

अधिवक्ता पुनीत ने बच्चों को पॉक्सो अधिनियम, किशोर न्याय अधिनियम तथा अन्य प्रासंगिक कानूनों की जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने शिक्षकों को भी बच्चों से संबंधित किसी भी अपराध या समस्या की स्थिति में कानूनी प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लीगल जानकारी रखना न केवल प्रत्येक शिक्षक के लिए आवश्यक है बल्कि यह बच्चों की सुरक्षा और अधिकारों की रक्षा के लिए भी बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने उदाहरणों के माध्यम से कानूनों की व्यावहारिक उपयोगिता समझाई तथा शिक्षकों को बच्चों के हित में जागरूक और संवेदनशील रहने का आह्वान किया। प्राचार्या तोशल वाधवा ने कहा कि इस प्रकार के सेमिनार शिक्षकों के दृष्टिकोण को और अधिक सशक्त बनाते हैं और बच्चों के हित में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए उन्हें प्रेरित करते हैं।

**न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल सुढैल में लीगल साक्षरता सेमिनार का आयोजन**

## आर्यन व गीतिका बने स्कूल के हेड बॉय व हेड गर्ल

# डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर में अलंकरण समारोह का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

डीएवी पब्लिक स्कूल में मंगलवार को अलंकरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के नवनियुक्त छात्र छात्राओं को विभिन्न सदनों व क्लब अधिकारियों के रूप में शपथ ग्रहण करवाई गई। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय के प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलन कर किया। स्कूल के हेड बॉय के रूप में कक्षा बारहवीं के आर्यन व गीतिका को हेड गर्ल का पदभार सौंपा गया। इन दोनों विद्यार्थियों को स्कूल में विद्यालय की गतिविधियों में अनुशासन नेतृत्व और सहयोग की भावना का आदर्श प्रस्तुत करने का उत्तर दायित्व सौंपा गया। स्कूल के चारों सदनों के कप्तान व उप कप्तान का चयन भी इस आयोजन के दौरान किया गया।

- नवनियुक्त छात्र छात्राओं को विभिन्न सदनों व क्लब अधिकारियों के रूप में शपथ ग्रहण करवाई

महात्मा हंसराज सदन से कक्षा बारहवीं की इशिता बंसल कप्तान पद के लिए व कक्षा ग्यारहवीं की अनन्या उप कप्तान पद के लिए चयनित की गई। स्वामी दयानंद सदन के लिए कक्षा बारहवीं के योगेश को कप्तान व कक्षा ग्यारहवीं के गर्वित मलिक को उप कप्तान नियुक्त किया गया। स्वामी श्रद्धानंद सदन के लिए कक्षा ग्यारहवीं से गुंजन को कप्तान पद व कक्षा ग्यारहवीं के मंथन को उप कप्तान पद सौंपा गया। पंडित लेखराम सदन के लिए कक्षा 12वीं की जया को कप्तान पद के लिए तथा कक्षा ग्यारहवीं के वंश गर्ग को उप कप्तान पद के लिए चुना गया। विद्यालय में नवनियुक्त छात्र नेताओं को उनके पद व दायित्व प्रदान किए गए।



**यमुनानगर।** डीएवी स्कूल रादौर में नवनियुक्त पदाधिकारियों को सम्मानित करते प्रिंसिपल रमन शर्मा। फोटो: हरिभूमि

विद्यालय के सुचारु प्रबंधन के लिए विभिन्न क्लबों का भी गठन किया गया। प्रिंसिपल रमन शर्मा ने सैशे व बैज प्रदान कर चयनित छात्रों को उनके कर्तव्यों की शपथ दिलाई। विद्यार्थियों के छात्र परिषद में कक्षा बारहवीं की पावनी सनशाइन क्लब की अध्यक्षा चुनी गई।

कक्षा ग्यारहवीं से सानिया फिट लाइफ क्लब की अध्यक्षा चयनित हुई। कक्षा बारहवीं की लीकांशा को ग्रीन वॉरियर्स क्लब की अध्यक्षा के रूप में नियुक्त किया गया। जबकि कक्षा 12 वीं की ख़ुशी राडान उड़ान क्लब की अध्यक्षा चुनी गई। वहीं कक्षा बारहवीं की प्रियंका को स्माइल क्लब की अध्यक्षा के रूप में चयनित किया गया।

प्रधानाचार्य रमन शर्मा ने चयनित बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि स्कूल पार्लियामेंट तथा स्कूल सदन एक विद्यालय की कार्यप्रणाली को सुचारु रूप से चलाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करते हैं। क्योंकि यह विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता निर्णय लेने की योग्यता जिम्मेदारी निभाने का भाव व लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति आस्था का विकास करते हैं। ऐसे मंच विद्यार्थियों को अपने विचार प्रस्तुत करने व विद्यालय के सुचारु संचालन में योगदान देने का अवसर प्रदान करते हैं। हमें पूरा विश्वास है कि यह नई छात्र परिषद स्कूल के अनुशासन, मेहनत व सफलता की नई मिसाल कायम करेगी।

## पोस्टर मेकिंग में खुशी व स्लोगन में छवि ने मारी बाजी

- डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्ट्रीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता पखवाड़े का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

डीएवी गर्ल्स कॉलेज के इंस्ट्रीट्यूशन इनोवेशन काउंसिल व यूथ रेडक्रास के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता पखवाडा सेलीब्रेट किया गया। कार्यक्रम कॉलेज की कार्यवाहक प्रिंसिपल डॉ. सुरिंद्र कौर के मार्गदर्शन में हुआ।

बायोसाइंस विभाग अध्यक्ष डॉ. सुनीता कौशिक, आईसीसी कनवीनर विवेक व यूथ रेडक्रास नोडल ऑफिसर रितिका ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम की अध्यक्षता की। छात्राओं ने पोस्टर मेकिंग, स्लोगन राइटिंग, स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता में बढ़चढ़ कर भाग लिया। मनोविज्ञान विभाग अध्यक्ष शालिनी छाबडा व वाणिज्य विभाग अध्यक्ष डॉ. मीनाक्षी सैनी, विकास वालिया निर्णायक मंडल में शामिल रहें।



**यमुनानगर।** डीएवी गर्ल्स कॉलेज में आयोजित कार्यक्रम में प्रस्तुति देती छात्राएं।

डॉ. सुनीता कौशिक ने बताया कि कार्यक्रम का आयोजन शिक्षा मंत्रालय के इनोवेशन सेल तथा एआईसीटीई के उद्देश्यों के अनुरूप छात्रों में नवाचार और उद्यमिता की भावना को प्रोत्साहित करने के लिए किया गया। छात्राओं ने अपने-अपने स्टार्टअप आइडिया, बिजनेस मॉडल तथा वास्तविक समस्याओं के समाधान प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ममता थापर, हर्ष शर्मा व नेहा ठाकुर ने सहयोग दिया।

### इस प्रकार रहे परिणाम

पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बीसीए अंतिम वर्ष की खुशी कुमारी ने पहला, बीसीए द्वितीय वर्ष की राधिका ने दूसरा तथा सिमरन ने तीसरा स्थान अर्जित किया। स्लोगन राइटिंग में बीकॉम अंतिम वर्ष की छवि ने पहला, कल्पना ने दूसरा तथा बीकॉम ऑनर्स अंतिम वर्ष खुशी ने तीसरा स्थान अर्जित किया। स्टार्टअप आइडिया प्रतियोगिता में बीए मनोविज्ञान ऑनर्स प्रथम वर्ष की मन्नत कांबोज ने पहला, बीए अर्थशास्त्र ऑनर्स अंतिम वर्ष की खुशी सिंगला ने दूसरा तथा बीसीए अंतिम वर्ष की ओजस्वी ने तीसरा स्थान अर्जित किया।

## बच्चों को जिम्मेदारी का बोझ नहीं, बचपन की मस्ती थमाएं : शुक्ला

- हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग ने ली बाल श्रम निषेध को लेकर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग सदस्यों ने बाल श्रम निषेध को लेकर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक ली। इस दौरान आयोग सदस्यों ने नगराधीश पीयूष गुप्ता और अन्य अधिकारियों के साथ बाल श्रम अधिनियम और कार्य प्रणाली पर चर्चा की।

आयोग सदस्य अनिल कुमार और श्याम शुक्ला ने कहा बचपन मासूम होता है। सही गलत का फर्क नहीं जानता। ऐसे में इसकी पहचान करना जरूरी है। बच्चों का बचपन बाल श्रम से मुक्त हो इसके लिए अचूक प्रयास करने होंगे। बैठक के दौरान श्रम विभाग ने जिले में बाल श्रम निषेध की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी।



**यमुनानगर।** बाल श्रम निषेध को लेकर डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की बैठक लेते हरियाणा राज्य बाल संरक्षण आयोग के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

उन्होंने कहा कि मजबूरियों के कारण कम उम्र में ही जिम्मेदारी का बोझ नन्हे कंधों पर आ जाता है और हस्ता खेलता बचपन दम तोड़ देता है। बाल श्रम के इस बंधन को तोड़ना सब की जिम्मेदारी है। सभी विभागों को समन्वय बनाते हुए बाल श्रम के कुचक्र को तोड़ना होगा। उन्होंने कहा कि कानून में बाल श्रम को लेकर सख्त सजा का प्रावधान है। उन्होंने कहा कि हरियाणा राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का उद्देश्य हर बचपन सुरक्षित करना है। बाल श्रम जैसे अभिशाप से मुक्त हो इसको लेकर मिशन वात्सल्य के अंतर्गत जिला बाल संरक्षण इकाई द्वारा बाल श्रम रोकथाम और पुनर्वास के कार्य किये जा रहे है। बाल श्रम एक अपराध है। इस पर लगाम लगाने के लिए सभी को सहयोग करना होगा।

आयोग सदस्य श्याम शुक्ला ने कहा बच्चों को जिम्मेदारी का बोझ नहीं बचपन की मस्ती थमाएं। बचपन हस्ता खेलता हो इसके लिए समाज में बाल श्रम पर लगाम लगानी होगी। कम उम्र में काम करना अपराध ही नहीं अमानवीयकृत है। यह बच्चे का जीवन नष्ट कर देता है।

**दिशा-निर्देश** व्यासपुर उपमंडलाधीश ने ली अधिकारियों की बैठक

# अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

उपमंडलाधीश व्यासपुर जसपाल सिंह गिल ने अपने कार्यालय में बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए संबंधित अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नियमित रूप से निरीक्षण करने के निर्देश दिए।

उपमंडल अधिकारी ने बताया कि इस बार मानसून में भारी बरसात होने के कारण किसी भी समय बाढ़ जैसी आपातकालीन स्थिति उत्पन्न हो सकती है। ऐसी परिस्थिति से निपटने और लोगों को समय पर सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन द्वारा पुख्ता प्रबंध किए गए हैं। उपमंडल व्यासपुर में स्थित खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी के भवन में फ्लड कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।



उन्होंने बताया कि फ्लड कंट्रोल रूम में कर्मचारियों की ड्यूटी निर्धारित की हुई है। यह कर्मचारी 24 घंटे ड्यूटी पर रहकर स्थिति की निगरानी करेंगे और किसी भी आपातकालीन सूचना को तुरंत प्रशासन तक पहुंचाएंगे। साथ ही संबंधित विभागों जैसे स्वास्थ्य, पुलिस, अग्निशमन, बिजली तथा लोक निर्माण विभाग को भी अलर्ट पर रखा गया है ताकि आवश्यकता पड़ने पर त्वरित कार्रवाई की जा सके। एसडीएम ने कहा कि बाढ़ की स्थिति में लोगों को किसी भी प्रकार की समस्या आने पर फ्लड कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबरों पर तुरंत संपर्क करना चाहिए। उन्होंने आमजन से अपील की कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें और केवल प्रशासन द्वारा जारी की गई सूचनाओं पर ही विश्वास करें। आपात स्थिति में घबराने की बजाय प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करें। उपमंडल प्रशासन द्वारा बनाए गए इस फ्लड कंट्रोल रूम के माध्यम से बाढ़ जैसी आपात स्थिति से प्रभावी ढंग से निपटा जाएगा और लोगों को सुरक्षित रखने के लिए हर संभव कदम उठाए जाएंगे। मौके पर डीएसपी हरविंदर सिंह, नायब तहसीलदार व्यासपुर दलजीत सिंह, नायब तहसीलदार साढौरा कुलदीप सिंह, व्यासपुर की खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी आस्था गर्ग समेत अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

## ट्यूबवेल नंबर दो पर जंगली घास के चलते परेशान हो रहे क्षेत्रवासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रादौर

वार्ड नंबर दो में स्थित जन स्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवेल नंबर 2 पर जंगली घास व गंदगी होने से स्थानीय लोगों को हर समय जहरीले जानवरों का खतरा बना रहता है। उन्होंने कई बार विभाग के कर्मचारियों को जंगली घास की सफाई करने के लिए गुहार लगाई। लेकिन अधिकारियों व कर्मचारियों ने समस्या का आज तक कोई समाधान नहीं किया। जिससे स्थानीय लोगों में विभाग की कार्यप्रणाली को लेकर भारी रोष है।

- क्षेत्रवासियों ने उठाई सफाई व्यवस्था दुरुस्त करवाने की मांग

स्थानीय निवासियों मंगतराम, प्रदीप, राजीव, सोनू, मनोज कुमार, दिनेश कुमार आदि ने बताया कि जन स्वास्थ्य विभाग के ट्यूबवेल नंबर 2 में जंगली घास की सफाई न होने से बरसात के दिनों में जहरीले जानवरों का खतरा बढ़ गया है। जंगली घास की लंबाई 6 से 7 फीट तक पहुंच गई है। उन्होंने विभाग के अधिकारियों से अपील की कि जल्द से जल्द ट्यूबवेल के प्रांगण में सफाई व्यवस्था दुरुस्त की जाए।



**यमुनानगर।** रादौर स्थित ट्यूबवेल नंबर 2 में खड़ी जंगली घास।

### जलभराव की आशंका : नागरिकों की सुरक्षा को देखते हुए प्रशासन ने लिया फैसला

# उपमंडल पिहोवा-शाहबाद के सभी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र अगले आदेश तक रहेंगे बंद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिलाधीश एवं उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि उपमंडल पिहोवा और शाहबाद उप-मंडल में सभी सरकारी और निजी स्कूल, कॉलेज और आंगनवाड़ी केंद्र अगले आदेश तक बंद रहेंगे। जलभराव की संभावना को देखते हुए सुरक्षा की दृष्टि से प्रशासन ने यह फैसला लिया है। बरसात व हिमाचल सहित उत्तरी भारत में भारी बरसात के चलते उपमंडल शाहाबाद और पिहोवा के लिए जरुरी आदेश जारी किए गए हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि जिले की स्थिति नियंत्रित है, किसी को भी पैनिक होने की जरुरत नहीं है। किसी भी स्थिति की जानकारी और सूचना लेने के लिए कंट्रोल रूम नंबर 01744-221035 में संपर्क करें। उन्होंने अधिकारियों को नागरिक एवं राहत कार्य के लिए कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नगर परिषद, नगर पालिका समितियों, सिंचाई विभाग, पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) और पीएचईडी अधिकारी हाई अलर्ट पर रहेंगे। ये विभाग अपने-अपने क्षेत्र में नालियों की सफाई, बाढ़ के पानी की पंपिंग और तटबंध संरक्षण कार्य करना सुनिश्चित करेंगे। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जलभराव की स्थिति में आपातकालीन व स्वास्थ्य सेवाएं का प्रबंध करना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग संवेदनशील गांवों में मोबाइल चिकित्सा इकाइयां तैनात करें, ताकि जरुरत पडने पर समय रहते इलाज दिया जा सके। इसके अलावा पुलिस, अग्निशमन सेवाएं और नागरिक सुरक्षा स्वयंसेवक निकासी और बचाव कार्यों के लिए सतर्क रहेंगे।




शाहबाद। जलभराव से प्रभावित क्षेत्र का दौरा करते और ग्रामीणों से बातचीत करते उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा।

### अनावश्यक यात्रा न करें नागरिक

*उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने नागरिकों को सलाह देते हुए कहा कि वे घर पर रहें और अनावश्यक यात्रा ना करे। साथ ही नदी के किनारों, असुरक्षित पुलों और मारकंडा नदी से सटी निचली सडकों पर जाने से बचें।उन्होंने कहा कि जिला कंट्रोल रूम नंबर 01744-221035, शाहाबाद के लिए कंट्रोल रूम 01744-242908, पिहोवा के लिए कंट्रोल रूम 01741-220448 के अलावा हेल्पलाइन नंबर 112, 1077 और 1070 पर संपर्क करें।*

### लोगों को घबराने की जरूरत नहीं

उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जल भराव क्षेत्रों में लोगों को घबराने व चिंता करने की जरूरत नहीं है। इस आपदा की घड़ी में प्रशासन 24 घंटे लोगों की सहायता और सेवा करने के लिए तत्पर है। इस आपदा के समय में लोगों को बहुत अधिक जरूरत के समय ही घर से बाहर निकलना चाहिए अन्यथा जल भराव से प्रभावित क्षेत्र के लोगों को अपने घर पर ही रहना चाहिए। अहम पहलू यह है कि प्रशासन की तरफ से प्रभावित गांवों में पशुओं के हरे चारे की व्यवस्था की जाएगी और स्वास्थ्य संबंधी सेवाओं का लाभ भी दिया जाएगा। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा मंगलवार को गांव कठवा, कलसाना व पट्टी झाम्बडा में लोगों की समस्याओं को सुनने के उपरांत दूरभाष पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे।

### 100 लोगों को मंदिर और धर्मशाला में किया शिफ्ट

उपायुक्त ने सबसे पहले पट्टी झाम्बडा का दौरा किया। यहां पर मारकंडा के पास पट्टी झाम्बडा में पानी की स्थिति को देखते हुए करीब 100 लोगों को मंदिर और धर्मशाला में शिफ्ट करवाया और उनके भोजन की व्यवस्था करने के भी निर्देश दिए। उन्होनें लोगों से भी अपील की है कि जलभराव की स्थिति को देखते हुए सुरक्षित स्थान पर पहुंचना चाहिए।

### गांव कठवा सबसे ज्यादा प्रभावित

उपायुक्त ने सबसे ज्यादा प्रभावित क्षेत्र कठवा का निरीक्षण करते हुए लोगों से बातचीत की और तथ्य सामने आए कि गांव में पशुओं के हरे चारे की दिक्कत आ रही है। इस समस्या को सुनते ही पशु पालन विभाग के अधिकारियों को दूरभाष से ही निर्देश दिए कि जलभराव से प्रभावित गांवों का दौरा पशुओं के लिए हरा चारा और दवाइयों की व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे।



कुरुक्षेत्र। बूस्टर किट वितरित करते स्वामी ज्ञानानंद महाराज।

## सेवा ट्रस्ट ने 180 महिलाओं को वितरित की बूस्टर किट, स्वच्छता अभियान की ली शपथ

**कुरुक्षेत्र।** गीता ज्ञान संस्थानं में सेवा ट्रस्ट द्वारा महिलाओं के विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सेवा ट्रस्ट यूके भारत के जिला कुरुक्षेत्र कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल के नेतृत्व में 180 महिलाओं को गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद द्वारा डाबर इम्यूनिटी बूस्टर किट वितरित की गई। यह वितरण सेवा ट्रस्ट की को स्पॉन्सर डाबर इंडिया के सहयोग से हुआ और इस अवसर पर डाबर इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के मनिंदर ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। सेवा ट्रस्ट के जिला कोऑर्डिनेटर पवन मित्तल ने सभी को अपने जन्मदिन, मैरिज एनिवर्सरी, पूर्वजो की पुण्यतिथि, धार्मिक और राष्ट्रीय त्योहारों पर शहर के सौन्द्रीयकरण का संदेश दिया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद महाराज ने उपस्थित जनों को संबोधित करते हुए राष्ट्रभक्ति और राष्ट्रीयता की भावना पर विशेष जोर दिया। उन्होंने सेवा ट्रस्ट के सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए सभी कार्यकतार्ओं को आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर सेवा ट्रस्ट ने हरियाणा शहर स्वच्छता अभियान के अंतर्गत स्वच्छता बनाए रखने की शपथ भी ली। कार्यक्रम में थानेसर खंड कोआर्डिनेटर राजेश सैन, जसबीर राणा, दिलबाग सिंह, रमेश गुप्ता,योगेश गर्ग, सुरेश राणा, डॉ. महीपाल, जिला मीडिया प्रभारी विजय पंघाल, तेजस मित्तल, कुसुम और सीमा मोहन नगर, सुनीता सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

## श्रीगणेश उत्सव मंडल ने लगाया भंडारा

**शाहबाद।** नगर के अग्रवाल धर्मशाला चौक में श्रीगणेश उत्सव मंडल द्वारा आज विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों की संख्या में गणपति जी के भक्तों ने भंडारे का प्रसाद ग्रहण किया और गणपति जी का आशीर्वाद लिया। मंडल के अध्यक्ष शंकर वर्मा, सचिव सुधीर गोयल और कोषाध्यक्ष ऋषि जिंदल में बताया पिछले काफी वर्षो से गणपति को बड़े विधि विधान से विराजा जाता है और सुबह और शाम गणपति जी की आरती और संकीर्तन किया जाता है जिसमें गणपति जी के स्वरूप को सभी संगत नतमस्तक होती है। आज सुबह पहले हवन यज्ञ का आयोजन किया गया। तदो प्रांत भंडारा लगाया गया। बुधवार सुबह गणेश जी की आरती और भजन के उपरांत विसर्जन किया जाएगा। पूरा पंडाल गणपति बप्पा मोरिया अगले बरस फिर जल्दी आ के उद्घोषयों से गूंजमान रहा। ,इस मौके पर गुल्लू वर्मा प्रताप रविंद्र वर्मा राकेश गुप्ता प्रवीण गुप्ता के इलावा काफी संख्या में गणपति के भक्त मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप



### योग के फायदों से करवाया अवगत

कुरुक्षेत्र। भगवान परशुराम कॉलेज कुरुक्षेत्र में विकसित भारत मिशन @ 2047 के तहत फिट इंडिया मूवमेंट के अंतर्गत योग सत्र का आयोजन किया गया। इस योग सत्र में एनसीसी कैडेट्स द्वारा योग क्लब के संयोजक डॉ. सुरेश कुमार के निर्देशन में योगाभ्यास किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुरेश कुमार ने एनसीसी कैडेट्स को योग के फायदे तथा तीनों नाड़ियों के विषय में बताते हुए योगाभ्यास करवाया।

### कुलपति के निवास पर होगा एट होम कार्यक्रम

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस पर एट होम कार्यक्रम का आयोजन 5 सितम्बर, शुक्रवार को सांय 5.30 बजे कुलपति निवास पर किया जाएगा। कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के लोक सम्पर्क विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा की ओर से विश्वविद्यालय के शिक्षकों को शिक्षक दिवस पर दिए जाने वाले एट होम कार्यक्रम की तैयारियां चल रही है। उन्होंने बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में शिक्षक दिवस के अवसर पर एट होम कार्यक्रम का आयोजन कुलपति निवास पर आयोजित किया जाएगा।

### तपस्या ने कुश्ती में जीता स्वर्ण पदक



**कुरुक्षेत्र।** सर्वहितकारी विद्या मंदिर मानसा में 36वीं क्षेत्रीय खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई जिसमें विद्या भारती हरियाणा एवं हिन्दू शिक्षा समिति के संयुक्त तत्वावधान में अमीन मार्ग स्थित गीता कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय की दसवीं कक्षा की छात्रा तपस्या ने कुश्ती प्रतियोगिता में व-17 में स्वर्ण पदक हासिल कर समस्त विद्यालय परिवार को गौरवान्वित किया। विद्यालय प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला जी ने तपस्या को मेडल और प्रमाण पत्र पहनाकर सम्मानित किया।

## प्राचीन सांस्कृतिक धरोहर को जीवंत रखते हैं धार्मिक उत्सवः श्याम सिंह

हरिभूमि न्यूज ▸▸| पिहोवा

वार्ड नं. 8 स्थित गोगा मेडी में जाहर वीर गोगा का मेला श्रद्धापूर्वक एवं बड़े हर्षोल्लास से मनाया गया। गुगा पीर निर्माण कमेटी के प्रधान धर्मबीर अत्री व सरंक्षक अशोक कुमार कुश ने बताया कि मंदिर परिसर में प्रात काल से ही श्रद्धालुओं का तांता लगना शुरू हो गया था और देर रात्रि तक भारी संख्या में श्रद्धालुओं ने लंबी लाइनों में लगकर जाहर वीर गोगा पीर के दर्शन कर पुण्य अर्जित किया।



**पिहोवा।** मुख्यातिथि कृषि मंत्री का अभिनंदन करते समिति प्रधान धर्मबीर अत्री।

### मुख्यातिथि ने किया संबोधित

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे प्रदेश के कृषि एवं पशुपालन मंत्री श्याम सिंह राणा ने अपने संबोधन में कहा कि गोगा जी महाराज की आस्था लाखों भक्तों के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने कहा कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक मेले हमारी परंपराओं को जीवित रखते हैं और सामाजिक एकता को मजबूती प्रदान करते हैं। कृषि मंत्री ने मेले में आए श्रद्धालुओं से अपील की कि वे धार्मिक आयोजनों में बढ़-चढकर हिस्सा लें और नई पीढ़ी को भी भारतीय संस्कृति से जोड़ें।



### जलभराव प्रभावित गांव कठवा में पहुंचाई सब्जियां

शाहबाद। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि जलभराव से प्रभावित गांव कठवा में मार्केट कमेटी शाहाबाद ने सब्जियां पहुंचाई हैं। प्रशासन द्वारा ग्रामीणों की जरुरतों को देखते हुए सामग्री व अन्य वस्तुओं का प्रबंध किया जाएगा। इस व्यवस्था की जानकारी प्रशासन तक पहुंचाने के लिए तीन से चार गांवों को एक-एक कलस्टर में बांटा गया है। प्रत्येक कल्स्टर पर एक-एक अधिकारी की डयूटी लगाई गई है। उन्होंने कहा कि जलभराव की स्थिति को देखते हुए जिला के सभी अधिकारियों व कर्मचारियों को मुखालय पर ही रहने के निर्देश दिए हुए हैं।

## बच्चों को दांत खराब कर देने वाली मीठी चीजों से करना चाहिए परहेज : डा. दीपक

- 200 बच्चों के दांतों की जांच की

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

अग्रवाल डेंटल क्लिनिक द्वारा फ्री डेंटल चेकअप कैंप महंत प्रभातपुरी कन्या विद्यालय में लगाया गया। इसमें अग्रवाल डेंटल क्लिनिक के प्रभारी चिकित्सक डॉ. दीपक अग्रवाल, डॉ अमृता व डा. श्रुति के द्वारा 200 बच्चों के दांतों की जांच की गई और फ्री टुथपेस्ट, टुथब्रश और पेनकिलर्स दिए गए। उन्होंने बच्चों को दांत खराब कर देने वाली मीठी चीजों से बचने और चॉकलेट व टॉफी का कम सेवन करने की सलाह दी।



**कुरुक्षेत्र।** डा. दीपक अग्रवाल को सम्मानित करते आयोजक।

### ब्रश ठीक तरीके से करना सिखाया

डॉ. दीपक अग्रवाल ने खाना खाने के बाद कुल्ला करने को कहा गया। साथ में 2 बार ब्रश सुबह और रात को करने की सलाह दी गई। डॉ दीपक अग्रवाल ने मुंह और उससे जुड़ी हुई बीमारी और उनके रोकथाम के लिए बच्चों को बताया और ब्रश ठीक तरीके से करना सिखाया।



**पिहोवा।** मुख्यातिथियों को सम्मानित करते समिति प्रधान हन्नु चक्रपाणि।

## विदेशों में भी भारतीय संस्कृति का परचम लहराती है गणेश पूजाः तजिंद्र खैहरा

**पिहोवा।** श्रीगणेश महोत्सव आयोजन समिति द्वारा पवन मार्किट में श्रीमहंत बंसी पुरी महाराज के सानिध्य में मनाएं जा रहे गणेश महोत्सव में जिला भाजपाध्यक्ष तजिंद्र सिंह खैहरा, जिला महामंत्री अर्जुन त्यागी, समाजसेवी विशाल चावला, रोटरी कल्ब, विश्व हिंदू परिषद, अक्षय नंदा, अंकुर गुप्ता, नोहित गुप्ता, डा. संदीप तिवाड़ी, अशोक भारद्वाज एडवोकेट, अनिल धवन, प्रिंस गर्ग, पराग धवन, मनमोहन चक्रपाणि, गौरव गर्ग, विजय गर्ग, गुलशन परवंदा ने मुख्य यजमान के रूप में आरती में भाग लेकर पूजा अर्चना की। नरेश शर्मा, सुरेश वर्मा, सागर कश्यप ने अपने भजनों से माहौल को भक्ति के रंगों से सराबोर कर दिया। मंच संचालक जगदीश तनेजा ने किया। समिति प्रधान हन्नु चक्रपाणि, अशोक गुप्ता, आशीष बंसल, गिन्नी चक्रपाणि ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। पंडित संदीप शास्त्री ने श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया। इस मौके पर भारी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहें।

## विद्यार्थियों को योग का महत्व बताया

- हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा ने किया विद्यार्थियों का मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

जिला कुरुक्षेत्र में स्थित राजकीय बहुतकनीकी शिक्षण संस्थान, उमरी के प्रांगण में योग एवम ध्यानयोग द्वारा उद्यमिता के नव अवसर विषय पर एक संगोष्ठी रखी गई जिसमें मुख्य अतिथि एवम वक्ता के रूप में हरियाणा योग आयोग के वरिष्ठ सदस्य एवं भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रान्त इकाई के पूर्व संगठन मंत्री एवं चिराग नर्सिंग होम के निदेशक डॉ मनीश रहे। मंच संचालिका लवलीना द्वारा डॉ कुकरेजा का संक्षिप्त परिचय दिया गया। मुख्य वक्ता ने सभी प्रतिभागियों से अपील की कि वे योग एवं ध्यान योग विषय पर अपने उद्यम को केंद्रित कर अपनी प्रतिष्ठा स्थापित कर सकते हैं। डॉ कुकरेजा ने बताया कि योग आज विश्व में एक वैश्विक बाजार का रूप धारण कर चुका है जिसकी वार्षिक खपत वर्ष 2025 में लगभग 1.3 खरब डॉलर होने का अनुमान है। सत्र में योग के ज्ञान को सरलीकरण की गई डॉ कुकरेजा द्वारा निर्देशित ए बी सी ऑफ योग की प्रथम सीरीज के माध्यम से योग के 26 शब्दों के बारे में सैद्धान्तिक व क्रियात्मक ज्ञान को सभी स्टाफ के सदस्यों जिनमें प्रिंसिपल रचना गुप्ता, आभा बंसल, राजीव, एचएस सैनी, तथा विद्यार्थियों ने रुचिपूर्वक आत्मसात किया व खेल खेल में योग के बारे में सीखा।



**कुरुक्षेत्र।** योग की क्रियाएं करवाते हरियाणा योग आयोग के सदस्य डॉ मनीश कुकरेजा।



## संत-महात्मा अपने जीवन में त्याग व तप के माध्यम से समाज को देते नई दिशा : सुधा

**कुरुक्षेत्र।** पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा ने कहा कि संत महात्मा अपने जीवन में त्याग और तप के माध्यम से समाज को नई दिशा दिखाने का काम करते हैं। समाज के नागरिकों को संत समाज से प्रेरणा लेकर उन्हें अपना आदर्श मानना चाहिए। ऐसे होने से समाज का भल्ला होना संभव है। उन्होंने कहा कि ये महात्मा अपने जीवन को मानव जाति की भलाई के लिए समर्पित कर देते हैं। पूर्व राज्यमंत्री सुभाष सुधा मंगलवार को महंत प्रभातपुरी कन्या वरिष्ठद्व माध्यमिक विद्यालय में ब्रह्मद्धलीन परम पुज्यपाद महंत प्रभात पुरी महाराज के प्रकाशोत्सव समारोह में बोल रहे थे। पूर्व राज्यमंत्री ने स्कूल के कमरों के निर्माण में 11 लाख रुपए देने की घोषणा की। कार्यक्रम में सामाजिक संस्थाओं और बच्चों को सम्मानित किया गया। पूर्व राज्यमंत्री ने कहा कि देश को सही मार्ग दिखाने में संत समाज में अहम योगदान रहा है। इस मौके पर महामंडलेश्वर स्वामी विद्यागिरी, महंत बंसीपुरी, महंत लक्ष्मी नारायण, महंत जगननाथ, महंत मेश मुनी, प्रबंधक सुनील सचदेवा, प्रधान विनोद अरोड़ा, प्रधानाचार्य भजन, पार्षद मोहन लाल अरोड़ा, रमेश सचदेवा, पार्षद गौरव भट्ट, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरीश अरोड़ा, सुमित, यशपाल गुप्ता, चंद्र प्रकाश चुग्र, दर्शन पाहवा, सतीश शर्मा, प्रेम मदान सहित अन्य गणमान्य मौजूद रहे।

**कार्यक्रम** — विभिन्न स्थानों पर धूमधाम से मनाया गणेश भगवान का जन्मोत्सव

### वैदिक मंत्रों के साथ की भगवान की पूजा

# गणपति बप्पा मोरया के नारों से गूंज उठे पंडाल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कुरुक्षेत्र

श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पीठाधीश ज्योतिष व वास्तु आचार्य डॉ.सुरेश मिश्रा ने बताया कि श्रीगणेश जन्मोत्सव को भक्तों द्वारा श्रद्धा भक्ति से मनाया गया। श्रीगणेश जन्मोत्सव हिन्दुओं का एक प्रमुख त्योहार है। यह त्योहार भारत के विभिन्न भागों में मनाया जाता है किन्तु महाराष्ट्र में बडी. धूमधाम से मनाया जाता है। वेदों और पुराणों के अनुसार भगवान श्री गणेश का जन्म गणेश चतुर्थी पर हुआ था। भगवान गणेश विघ्नहर्ता हैं। चतुर्थी तिथि को ही विघ्नों का नाश करने वाले और ऋद्धि-सिद्धि के दाता भगवान गणेश की उत्पत्ति हुई थी। भगवान गणेश भक्तों की पुकार तुरंत सुनते हैं और मनचाहा वरदान भी देते हैं। श्रीदुर्गा देवी मन्दिर पिपली के पुजारी पण्डित राहुल मिश्रा ने गणेशोत्सव में प्रतिदिन प्रातः काल और सायं काल में भक्तों से संकल्प करवाया और भगवान गणेश के वैदिक मंत्रों के साथ पूजा अर्चना की गई। भगवान गणेश को धूप, दीप, फूल, फल, मोदक, वस्त्र, अर्पित किए और आरती की गई। प्रतिदिन श्रद्धा भक्ति पूर्वक भक्तों ने कीर्तन किया।



### एनआईटी कुरुक्षेत्र में मनाया गणेश चतुर्थी उत्सव

*कुरुक्षेत्र। एनआईटी कुरुक्षेत्र की एनएसएस यूनिट ने फणिभूषण हॉस्टल में तीन दिवसीय गणेश चतुर्थी उत्सव का आयोजन बड़े उत्साह और भक्तिभाव से किया, जिसमें छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ को एक साथ लाकर भगवान गणेश के जन्म, सांस्कृतिक विरासत, एकता और भक्ति की भावना का जश्न मनाया। कार्यक्रम की शुरूआत ऊजार्वान सेटअप के साथ हुई, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियां शामिल थीं। विविध पृष्ठभूमि के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक आरती में भाग लिया और प्रार्थना कीं। कार्यक्रम का संचालन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रोफेसर प्रतिभा अग्रवाल, आयोजन समिति में एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर, असिस्टेंट प्रोफेसर धीरज कुमार, प्रोफेसर अमनदीप कौर और असिस्टेंट प्रोफेसर वैभव अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया, जिन्होंने गतिविधियों के सुचारू प्रवाह को किया।*



### रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल ने लगाया स्वास्थ्य जांच शिविर

*कुरुक्षेत्र। गोशाला बाजार में आयोजित 10 दिवसीय गणेश उत्सव के दौरान रिद्धि-सिद्धि विनायक मंडल द्वारा गणपति पंडाल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए वार्ड-32 के पार्षद सुधीर चुघ ने बताया कि बरसात के दिनों में जहां बहुत सी बीमारियों का खतरा बना रहता है ऐसे में लोगों को जागरुक करने के साथ-साथ उनके स्वास्थ्य का ख्याल रखने के लिए समय-समय पर विभिन्न अवसरों पर ऐसे शिविरों का आयोजन मंडल द्वारा किया जाता है, इसी श्रृंखला में गौशाला बाजार में मंडल द्वारा ही आयोजित गणेश उत्सव के दौरान यहां पंडाल में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच व परामर्श शिविर का आयोजन किया गया जिसमें कुरुक्षेत्र के एल.एन. जे.पी.सरकारी अस्पताल की टीम द्वारा कुल 63 लोगों के टी.बी.टेस्ट सहित अन्य मेडिकल टेस्ट निःशुल्क किए गए व उन्हें टीके भी लगाए गए।*

### भगवान की पूजा से रहती है सुख-शांति

*समस्त विश्व कल्याण हेतु भगवान श्री गणेश और मां दुर्गा का संकीर्तन सुमित्रा पाहवा, भक्त सुशील तलवाड़, संगीता तलवाड़,पायल सैनी, ऊषा शर्मा, अनु पाहवा, निशा, कोमल, पूजा, सरोज, राजकली व शिमला धीमान और छोटे बच्चों के साथ सभी भक्तों ने श्रद्धा और भक्ति भाव पूर्ण किया। डॉ. मिश्रा ने बताया कि सनातन धर्म में प्रतिदिन सुबह और रात्रि अपने गुरु और भगवान की पूजा करनी चाहिए और श्रद्धा पूर्वक प्रसाद लगाए और सभी परिवार वाले श्रद्धा से खाएं तो परिवार में सुख शांति भगवान की कृपा से बनी रहती है। माता पिता, बुजुर्गों, ब्राह्मणों और जीव जंतुओं की सेवा और गरीबों की सेवा निष्काम भावना से प्रतिदिन करनी चाहिए।*

